# नवविचार

## Marlboro Hindi School Newsletter



शुभ दीपावली के मौक़े पर मार्लबोरो  हिंदी स्कूल के छात्रों ने अध्यापिकाओं  की मदद से बेहतरीन कार्यक्रम पेश किया।

## दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें


दीपों का त्यौहार 'दीपावली" हर साल अक्टूबर अथवा नवम्बर के महीने में आता है। इस त्यौहार पर सब लोग लक्ष्मी जी की पूजा करते हैं और अनके तरह के पकवान बनाते हैं। बर्फ़ी, लड्डू, पेड़े और अनके तरह की मिठाइयों से सजी थालियाँ और सुंदर नए कपड़े पहने हुए बालक और बालिकाएँ हर तरफ़ दिखाई देते हैं। मार्लबोरो हिंदी स्कूल में भी दिवाली बहुत ही उत्साह और उल्लास के साथ मनायी गयी। सभी छात्र और छात्राओं ने इस त्यौहार में एक साथ मिल कर बेहतरीन कार्यक्रम पेश किया और सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इस वर्ष यह भव्य कार्यक्रम मार्लबोरो हाई स्कूल में आयोजित किया गया जहाँ बहुत ही सुंदर और सजे हुए मंच पर इस कार्यक्रम को एक नया रूप दिया

## दिवाली का त्यौहार

दीवाली का त्यौहार है आया
कितनी खुशियां साथ में लाया
सबके चेहरे कैसे खिले हैं
दोस्त एक दूजे के गले मिले हैं
आज हर घर जगमग चमका है
अमावस में मानो दिन दमका है
खील बताशे और मिठाई है आई
फुलझड़ी और रॉकेट ने धूम मचाई
नएनए कपड़े मिले और मिले उपहार
माथे पर तिलक सजे आशीर्वादों की फ़ुहार
लक्ष्मी गणेश और राम सीता की है मनुहार
उजाले की जीत हुई गया अंधेरा हार
कितनी खुशियां लेकर आया
दीवाली का त्यौहार।।।

\- अनुशा शर्मा

गया। क्या आपको पता है की दीपावली का त्यौहार भारत के अलावा श्री लंका, म्यांमार ( बर्मा), मौरिशस द्वीप, मलेशिया, गयाना, सूरनाम और सिंगापुर में मनाया जाता है? कहा जाता है की श्री राम जी का राज्य इन सभी देशों तक फैला हुआ था। इन सभी जगहों पर श्री राम जी की पूजा की जाती है। उत्तर भारत में दीपावली पर लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है और वहीं पूर्व भारत में दीपावली पर दुर्गा माँ की पूजा होती है। यह त्यौहार पाँच दिनों तक मनाया जाता है और हर दिन का एक अलग महत्व होता है। आप भी दीपावली के बारे में पढ़े और इसके पाँच दिनों के महत्व की खोज करें और अपने दोस्तों के साथ इस पर वार्तालाप करें।



इस वर्ष स्कूल के TAs ने भी कार्यक्रम के सूत्रधार की भूमिका निभाई।

# प्रार्थना

**अँजुरी में लिए ढेरों पुष्प,**
**करती हूँ ये वंदना,**
**ईश्वर दूर करता रहे,**
**आपकी प्रत्येक वेदना।**
**सुवित हों श्वासें तुम्हारी,**
**निश्छल स्नेह और प्रीत से**
**भाल सुशोभित हो सूर्या-चंद्र**
**उज्ज्वलित मार्ग, विजय पताका मूलमंत्र।**
**स्वर्णिम भविष्य स्वागत करे पगपग**
**अजेय गान गूँजे संग संग**
**अवकाश न हो फिर श्वास का**
**तन तरंगित हो नित्य आस का ।**

**मन ना हो मलिन कभी**
**आत्मा में तालिन का वास हो**
**विचारों से स्वछंद अडिग वाणी हो संयमित**
**सफलता यश और कीर्ति की वर्षा हो नियमित ।**
**करती हूँ अब हर एक पुष्प**
**ईश के चरणों में अर्पित**
**मिले आपको वो सबकुछ**
**जिसका करतें हैं सदा आप सिमरण।**

**- वंदना शर्मा**



# दिवाली समाहरोह 2017











# नए चेहरे

मार्लबोरो हिंदी स्कूल में इस वर्ष चार नयी अध्यापिकाओं और एक नए अध्यापक की नियुक्ति हुई। आइए हम इन नए चेहरों से आपका परिचय कराएँ



## अश्विनी हुबलीकर ( Music)

अश्विनी जी हिंदी गीत संगीत के साथ पिछले दस वर्ष Professional और की तरह से जुड़ी हुई हैं। “संगीत मेरी ज़िंदगी का एक अहम हिस्सा है - अश्विनी”। अश्विनी जी हिंदी संगीत की अध्यापिका हैं और एक संगीत का स्कूल भी चलाती है जिसका नाम है “सुर सहेली” जिसके माध्यम से वह हिंदी संगीत के कई Performances भी करती हैं। इस वर्ष अश्विनी जी ने मार्लबोरो हिंदी स्कूल में संगीत की अध्यापिका का भार सम्भाला है और बच्चों को संगीत सिखा रहीं हैं।

## बाला वेंकट (Media Lab)

हिंदी पाठशाला की यह अनोखी रेल
मिलजुल कर हिंदी सीखें जैसे कोई खेल
खोल देंगे मस्तिष्क से भाषा का यह ताला
में हूँ आपका नया शिक्षक, नाम है बाला।





## ज्योति साहनी (Intermediate 2)

मेरा नाम ज्योती है और मैं Intermediate 2 कक्षा को पढ़ती हूँ। पिछले तीन सालों से मैं हिंदी स्कूल से जुड़ी हुई हूँ। आशा करती हूँ आने वाले सालों में मैं अपने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा से ज़्यादा से ज़्यादा अवगत करवा सकूँ।

हिंदी भाषा से ,बचपन से आज तक जुड़े रहना मैं अपना सौभाग्य समझती हूँ ।मैं अपनी कविताओं और लेखों के माध्यम से अपने विद्यार्थीयों को हमेशा प्रोत्साहित करती रहूँगी।

# कुछ और नए चेहरे



### वंदना शर्मा (Begineer 2)

मेरा नाम वंदना शर्मा है। मैं एक प्रशिक्षित अध्यापिका हूँ और मैंने दिल्ली के विद्यालयों में पढ़ाया है।

मैं हिंदी स्कूल से लगभग 5 सालों से जुड़ी हूँ मगर एक शिक्षक के रूप में यँहा मेरा पहला साल है। मार्लबोरो हिंदी स्कूल में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिये मैं भरसक प्रयास करती रहूंगी।

### नूपुर चटर्जी (Music)

नपुर जी ने जमशेदपुर, भारत के श्री चंद्राकांत आपटे जी से हिंदी संगीत की शिक्षा ली है। संगीत सीखने के बाद नपुर जी ने अखिल भारतीय गंधर्व में संगीत विशारद में भी भाग लिया।

नपुर जी ने भारत में ऑल इंडिया रेडीओ में अनाउन्सर की तरह से भी काम किया है।



## समाचार

इस वर्ष स्कूल का सत्र 9 सितम्बर को आरम्भ हुआ। 2017-2018 सत्र में 175 से भी ज़्यादा बच्चों ने स्कूल में दाख़िला लिया जो कि बहुत ही हर्ष की बात है। छात्र/छात्राओं की बढ़ती हुयी संख्या को देखते हुए कुछ नयी कक्षाएँ बनायी गयी और कुछ नयी अध्यापिकाओं की भी नियुक्ति की गयी।

हिंदी स्कूल में इस वर्ष “Back To School Night” का भी शुभारम्भ किया गया और बहुत सारे स्कूल पेरेंट्स ने इसमें भाग लिया।

दिवाली के अवसर पर, स्कूल में खील बताशे बाँटे गए और सब बच्चों ने इसको चाव से खाया।

दिवाली का रंगारंग कार्यक्रम इस वर्ष मार्लबोरो हाई स्कूल में आयोजित किया गया और स्कूल के सभी छात्र और छात्राओं ने इसमें भाग लिया। बच्चों और स्कूल टीचर्ज़ ने मिल कर स्टेज पर रंग जमा दिया और दर्शकों को मनमोहित कर दिया।

2017-2018 में MHSPTO में दो और Security Officers की भी नियुक्ति हुई। योगा का कार्यक्रम इस वर्ष भी जारी रहेगा और हमें आशा है की काफ़ी लोग इसका आनंद उठाएँगे।



# बूझो तो जाने

– – – – –



दिन में सोए रात में रोए
जितना रोए उतना खोए
बताओ क्या _______

बीमार नहीं रहती मैं फिर भी खाती हूँ गोली
बच्चे बूढ़े सब डर जाते, सुनकर इसकी बोली
बताओ क्या ____________

मछली रानी को अपने घर पहुँचाएँ।



पढ़ने, लिखने, दोनो में आता काम
पेन नहीं, काग़ज़ नहीं, बोलो क्या है मेरा नाम ?
बताओ क्या : _______________

बूझो बच्चों एक पहेली
जब भी काटो नयी नवेली
बताओ क्या : _____________

सभी पहेलियों के उत्तर इसी Newsletter में कहीं छुपे हुए हैं

# कविताएं



## एक नारी का स्वरूप

सुंदर साड़ी में एक नारी
उभर आती है।

लाल बिंदिया नैनों के बीच
उसका श्रृंगार बढ़ाती है।

मेहंदी उसके हाथों को सजाती है।
काजल उसके नैनों को निखारती है।

उसकी पायल पैरों में
खनखनाती है।

चूड़ियाँ उसकी कलाइयों में
छनछनाती हैं।

उसकी अदा में एक शक्ति है
जो परिवार बनाती है।

और क्या मैं कहूँ ……
इस नारी के स्वरूप को,
जो यह संसार रचाती है।

- श्रेया पिशोरी

## मेरा सपना

"धौलाधार" जिसकी ऊँचाई की सीमा नहीं है कोई
मेरे घर की छत से दिखता है, जिसकी ख़ूबसूरती का नज़ारा।

चढ़ना चाहती हूँ अपनी हर चुनौतियों का वो हर कठिन हिस्सा
इस पहाड़ की ऊँचाई की तरह, मेरा सपना भी है उम्मीदों से भरा।

ऊँचाइयों की बुलंदियों से भी ऊँचा और शीतल इस बर्फ़ की परत की तरह
शांतिप्रिय, सुखदाई पर हौंसले से भरा, ज़िंदगी की जंग में कठिन सामनों से जुड़ा।

जिसका हर क़दम मुझे दिलाता है, एक नये सुखद कल का एहसास
मुश्किल से मुश्किल हालत आये और आएँगे आने वाले कल में।

पर मेरा सपना है अडिग, अटल इस धौलाधार के पर्वत की तरह
जो दिख रहा है मेरे घर की छत से, जो सज़ा है नये कल की बुलंद उम्मीदों के साथ।

- ज्योति साहनी



## रंगोली

रंग बिरंगी प्यारी न्यारी
फूलों से बनती, चावल से बनती रंगों से बनती
दरवाज़े पे सजती, स्वागत करती
पूजा में रमती, मन को हरती
प्यारी रंगोली

- पाखी पगारे

पहेलियों के उत्तर : मोमबत्ती, बंदूक़, चश्मा, पैन्सिल

## TA Profile



## आशिमा तिवारी

नमस्ते, मेरा नाम आशिमा तिवारी है और में मार्लबोरो हिंदी स्कूल में Teaching Assistant हूँ।

मैं Biotechnology High School में बारहवीं कक्षा में पढ़ती हूँ। मैं ग्यारह साल से हिंदी स्कूल से जुड़ी हुई हूँ और पिछले तीन साल से TA रही हूँ। यह मेरा यह मेरा चौथा साल होगा। मुझे हिंदी पढ़ना और बच्चों को हिंदी की शिक्षा देना दोनों बहुत पसंद है। इस साल में अश्विनी जी की संगीत की कक्षा में TA हूँ और मुझे इस काम में बहुत मज़ा आ रहा

हिंदी स्कूल के अलावा मुझे नाचना, गाना और Piano बजाना बहुत पसंद है। पाठशाला में मेरे पसंद का विषय विज्ञान है। विज्ञान के लिए मुझ में बहुत जुनून है और मेडिकल की पढ़ाई कर के मुझे एक दिन चिकित्सिक बनना है

हिंदी स्कूल मेरे जीवन का बहुत बड़ा हिस्सा रहा है। मेरे पास हिंदी स्कूल से जुड़ी हुई बहुत सारी यादें हैं और कॉलेज जाने के बाद मैं हिंदी स्कूल की बहुत याद करूँगी।

- धन्यवाद

---

## Marlboro Hindi School Calendar 2017-18

| | |
|---|---|
| School Start | : 9th September |
| Diwali Function | : 28th October |
| Thanksgiving Holiday | : 25th November |
| Christmas Celebration | : 16th December |
| Christmas Holiday | : 23rd December |
| New Year Holiday | : 30th December |
| Holi Function | : 21st April |
| Memorial Day Holiday | : 26th May |
| Last Day of School Celebration & Picnic | : 23 June |

**Newsletter Editor : Rakesh Chandwani**
**Editorial Support : Aditi Atre & Vandana Sharma**